मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.co.in E-mail : eanugya@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/ई–अनुज्ञा/2019–20/1319 भोपाल दिनांक 06 जनवरी 2020

प्रति,

श्री अभिषेक यादव,
महाप्रबंधक (क्षेत्र),
भारतीय खाद्य निगम,
चेतक बिल्डिंग,
महाराणा प्रताप नगर,
जोन – II, भोपाल–462011

विषयः–भारतीय खाद्य निगम द्वारा जारी Release Order का ऑनलाईन डाटा उपलब्ध कराने संबंधी।

–0–

उल्लेखित विषय में भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन.आई.सी.) की राज्य इकाई भोपाल के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के सहयोग से प्रदेश की मण्डी समितियों के लिये एक Web based "ई–अनुज्ञा" पोर्टल को विकसित कर दिनांक 16/08/2019 से प्रदेश की समस्त 257 कृषि उपज मण्डी समितियों में क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमें शतप्रतिशत ई–अनुज्ञा बनाये जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण विभाग की अधिसूचना क्रमांक डी–15–25–2012–चौदह–3 दिनांक 19/12/2012 (राजपत्र में दिनांक 28/12/2012 को प्रकाशित) की छाया प्रति संलग्न है, के अनुपालन में प्रदेश में समर्थन मूल्य पर उपार्जन उपरांत भण्डारित अधिसूचित कृषि जिन्स यथा गेहूं, धान, मक्का, बाजरा आदि की निकासी के लिये आपकी संस्था द्वारा जारी Release Order के आधार पर मण्डी फीस छूट प्रदान कर, मण्डी समितियों के द्वारा अनुज्ञा पत्र जारी किये जा रहे हैं। वर्तमान में आपकी संस्था से जारी Release Order का ऑनलाईन डाटा मण्डी बोर्ड/मण्डी समितियों को उपलब्ध न होने से "मण्डी बोर्ड के "ई–अनुज्ञा" पोर्टल द्वारा एवं मण्डी समितियों को प्रस्तुत Release Order को सत्यापित करने का कार्य संभव नहीं हो पा रहा है, जिससे इसके दुरुपयोग एवं मण्डी समितियों को वित्तीय हानि की संभावना बनी रहती है।

अतः आपसे अनुरोध है की आपकी संस्था से जारी Release Order के ऑनलाईन डाटा को मण्डी बोर्ड के "ई–अनुज्ञा" पोर्टल से लिंक करवा दें अथवा MS Office के Excel साफ्टवेयर में उपलब्ध करवा दें अथवा आपके पोर्टल को User Id/Password के माध्यम से Access सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित को दिये जाने का अनुरोध है। आपका सहयोग हमें बेहतर, त्वरित एवं पारदर्शी सेवा प्रदाय करने में सहायक होगा।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

(डॉ.केदार सिंह)
अपर संचालक/अपर कलेक्टर
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/ई–अनुज्ञा/2019–20/ 1320 भोपाल दिनांक 06 जनवरी 2020

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, कक्ष क्रमांक 212, द्वितीय तल, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।

(02) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(03) Vimmi Arora, Manager (IT), Web Information Manager, Food Corporation of India, Email: webmaster[dot]fci[at]gov[dot]in

(04) संयुक्त संचालक (नियमन)/सहायक संचालक (नियमन), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(05) श्री मुशर्रफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

अपर संचालक/अपर कलेक्टर
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल